## मुख्यमंत्री ने मरघट वाले हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को यहां के यमुना बाजार स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बजरंगबली से हर दिल्लीवासी की सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि नया साल सभी के जीवन में नई आशाएं और नए अवसर लेकर आए, जय बजरंगबली। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नववर्ष का यह शुभ अवसर दिल्ली के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नई आशा, सकारात्मक ऊर्जा और सतत प्रगति का संदेश लेकर आए। ईश्वर से प्रार्थना है कि आने वाला समय आपके प्रयासों को सफल बनाए तथा आपका जीवन सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की सेवा और जनहित के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इस वर्ष नई ऊर्जा और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ क्रियान्वित होगी। विकास और सुशासन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ती दिल्ली की मूल शक्ति उसके नागरिकों का विश्वास और सक्रिय सहभागिता है। यह नववर्ष एक सशक्त, समावेशी और समृद्ध राजधानी के निर्माण की साझा जिम्मेदारी को और अधिक प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।

# बैंक लोन की धोखाधड़ी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बैंक लोन धोखाधड़ी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को सरकारी अधिकारी बताकर जाली पहचान और आय के दस्तावेज तैयार किए, और धोखाधड़ी से विभिन्न बैंकों से लोन लिया।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि एक मामला बजाज फाइनेंस की ओर से दर्ज कराया गया था। आरोपियों ने जाली सरकारी कर्मचारी आईडी कार्ड और फर्जी आय दस्तावेज जमा करके वेतनभोगी पर्सनल लोन लिया। उन्होंने झूठा दावा किया कि वे सीनियर ऑडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।लोन की ई एमआई डिफॉल्ट होने के बाद धोखाधड़ी का पता चला। वेरिफिकेशन से पता चला कि आरोपियों ने बताए गए कार्यालयों में कभी काम नहीं किया था। इसके बाद एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर आरोपी अतुल अग्रवाल / मनीष कुमार (40),अजय चौरसिया(46) और दीपक धौंडियाल (49) को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग लोगों को बहलाकर, उनके जाली दस्तावेज बनाते थे।इसके बाद अलग-अलग बैंकों में उनके खाते खुलवाते और अपनी फर्जी कंपनी के खातों से कुछ महीनों तक उनके खातों में सैलरी के तौर पर पैसे जमा करते थे। फिर जैसे ही 'सैलरी वाले खाते' को किसी बैंक से लोन का ऑफर मिलता था, वे लोन के लिए अप्लाई करते थे, जाली दस्तावेजों के आधार पर लोन मंजूर करवाते थे और कुछ महीनों तक लोन की ईएमआई भी भरते थे। उसके बाद वे उस व्यक्ति को कुछ पैसे देते थे जिसकी फोटो और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल लोन लेने के लिए किया गया था और बाकी पैसे आपस में बांट लेते थे।

## साल के पहले दिन सड़कों पर रही चहल-पहल

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन हमेशा की तरह दिल्ली में लोगों का उत्साह सड़कों पर नजर आया । राजधानी के अलग अलग इलाकों में भारी भीड़ उमड़ने से ट्रैफिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। दिल्ली चिड़ियाघर में सुबह से ही पर्यटकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां 25 के आसपास लोग पहुंचे।

कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी । पूजा अर्चना के लिए पहुंचे लोगों के कारण आसपास की सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। इंडिया गेट पर भी नववर्ष का जश्न मनाने पहुंचे लोगों की संख्या काफी अधिक रही । परिवार और दोस्तों के साथ लोग फोटो खिंचवाते और समय बिताते नजर आए , जिससे सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को संभालने में पुलिस को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ी । नववर्ष के जश्न को लेकर लोग घरों से बाहर निकलकर घूमने और पार्टी के मूड में दिखाई दिए । इसी वजह से दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में भारी भीड़ और जाम की स्थिति बनी रही । प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रैफिक अपडेट जरूर देखें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

# पराली ही नहीं, क्षेत्रीय स्रोतों से भी दमघोंटू हो रही दिल्ली की हवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदुषण को लेकर यह माना जाता है कि पराली के जलाने से निकलने वाला धुआं दिल्ली- एनसीआर के वातावरण में आता है तो वायु प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाता है। सांस लेने में दिक्कत होने के साथ-साथ आंखों में जलन होने लगती है। लेकिन एक अध्ययन रिपोर्ट में यह स्याह सच सामने आया है कि दिसंबर के महीने में जब पराली के धुएं का असर बहुत कम हो जाता है, तब भी दिल्ली-एनसीआर की हवा दमघोंटू ही बनी रहती है। स्पष्ट है दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या सिर्फ पराली जलाने से नहीं है, बल्कि इसके दूसरे कारक भी हैं। विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने दिल्ली-एनसीआर में अक्तूबर-नवंबर और दिसंबर के महीने में प्रदूषण और उसके कारकों का विश्लेषण किया है और 2025 के समापन के मौके पर रिपोर्ट जारी की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में यानी पराली जलाने के बाद के चरण में एनसीआर में व्यापक और तीव्र धुंध छाई रही, जो पराली जलाने की अवधि से भी अधिक गंभीर थी। साफ है कि पराली जलाना बंद होने के बाद भी हवा में प्रदूषक बने रहते हैं। नोएडा और बागपत जैसे छोटे शहरों में दिल्ली की तुलना में प्रदूषण में अधिक प्रतिशत वृद्धि देखी गई है। कहा गया है कि दिल्ली के प्रदूषण के स्थानीय स्रोत शहर के प्रदूषक पीएम 2.5 का एक तिहाई हिस्सा बनाते हैं, इनमें से एनसीआर क्षेत्र का योगदान ज्यादा होता है। इसमें भी वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन की हिस्सेदारी सबसे अधिक होती है। यह अध्ययन एक चिंताजनक सच्चाई को उजागर करते हैं कि पराली जलाने के बंद होने के बाद भी दिल्ली का सर्दी के मौसम में प्रदूषण कम नहीं होता, बल्कि और बढ़ जाता है। यह स्थानीय और क्षेत्रीय स्रोतों जैसे वाहनों, उद्योगों, अपशिष्ट जलाने, घरेलू खाना पकाने और गर्म करने के लिए ठोस ईंधन के उपयोग को दर्शाता है। खेतों में आग पर नियंत्रण महत्वपूर्ण है, लेकिन शून्य उत्सर्जन की ओर अग्रसर होने के लिए शहरी और क्षेत्रीय उत्सर्जन स्रोतों के खिलाफ आक्रामक, साल भर चलने वाली कार्रवाई के बिना वायु गुणवत्ता लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सकता है। समस्या की जटिलता सामने आई : सीएसई में स्वच्छ वायु कार्यक्रम की कार्यक्रम प्रबंधक शांभवी शुक्ला कहती हैं,1 से 15 दिसंबर तक के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के आंकड़ों का अध्ययन करने पर पाया गया कि समस्या कितनी जटिल है।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता व समय-सीमा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री तथा उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने व्यापक जनसंपर्क के दौरान कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और तय समय-सीमा में कार्य पूरे न करने वाले अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

श्री रविन्द्र इन्द्राज ने स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान कहा कि सभी जर्जर पानी और सीवर की लाईनें बदली जाएँगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बगैर नक्शा पास हुए किसी भी तरह के कनेक्शन न दिए जाएँ। रविन्द्र इन्द्राज ने दीप विहार, बेग. मपुर, बरवाला रोड, राजीव नगर, राजीव नगर एक्सटेंशन, पप्पू कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, शिव विहार और शाहबाद डेयरी क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़कों, गलियों के निर्माण, पानी की आपूर्ति, नालियों की सफाई, सीवर ओवरफ्लो को लेकर शिकायतें कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखीं। उन्होंने कई स्थानों पर बरसात के दौरान जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी का भी जिक्र किया।

कैबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करें, विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें और स्थानीय निवासियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें।



**समाज कल्याण मंत्री तथा उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह के साथ जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए।**

## एक नजर

### नववर्ष पर देश व दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प: अतुल जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नववर्ष के पावन अवसर पर ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन ने देशवासियों एवं समस्त जैन समाज को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष सभी के जीवन में शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य और आपसी भाईचारे का संदेश लेकर आए तथा जैन समाज अपने आदर्शोंअहिंसा, सत्य और करुणा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

इस अवसर पर अतुल जैन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल प्रशासन, संवेदनशील दृष्टिकोण और जनहितकारी नीतियों से राजधानी दिल्ली विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली एक सुरक्षित, स्वच्छ और समावेशी राजधानी के रूप में और अधिक सशक्त बनेगी। अतुल जैन ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, सुशासन और वैश्विक सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। ?

### असुरक्षित निर्माण से लोगों में खौफ

**नई दिल्ली।** जे.जे कॉलोनी सीमापुरी क्षेत्र में 22 गज के प्लांट पर बिल्डर 5 से 6 मंजिला मकान बना रहे हैं इनके पास एमसीडी बिल्डिंग डिपार्टमेंट से अनुमति प्रमाण पत्र भी नहीं है और नक्शा भी नहीं है स इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति से एनओसी अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं है।

बिल्डर यहां मोटी कमाई के चक्कर में कानून के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं ग्रैप-4 होने के बावजुद बिल्डर ने निर्माण कार्य को नहीं रोका इनहें लोगों की जान की भी कोई परवाह नहीं है जब की दिल्ली में कई जगह ऊंचे मकान गिरने की घटनाओं में बहुत से लोगों की जाने भी जा चुकी है इसके बावजुद ऊंचे मकान बनाए जा रहे हैं इनको ऊंचे मकान बनाने की अनुमति किसने दी है यहां कभी भी दुखद: घटनाएं हो सकती हैं यहां लोग डरे हुए हैं अखिल भारतीय युवा मोर्चा संगठन के महासचिव आरिफ खान व सुरेंद्र कुमार चौटाला ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से व संबंधित अधिकारियों से मांग की हैं कि यहाँ बन रहे ऊँचे मकानों की जांच कराई जाए तथा ऊंचे बन रहे मकानों पर रोक लगा कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

### द्वारका साउथ थाने की टीम ने लापता व्यक्ति को ढूंढा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की द्वारका साउथ थाने की टीम ने 24 घंटे के अंदर लापता व्यक्ति को ढूंढ निकाला। दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी द्वारका किशोर कुमार रेवाला की देखरेख में एसएचओ द्वारका साउथ – राजेश कुमार साह के नेतृत्व में लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए एक टीम बनाई गई थी। टीम को मैनुअल और टेक्निकल निगरानी के आधार पर मिली जानकारी में पता चला कि वह अपनी ड्यूटी की जगह से लापता था।

अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद, उसने अपने पिता को आखिरी कॉल किया, उसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया, चिंतित माता-पिता ने पुलिस से संपर्क किया।टीम को मैनुअल और टेक्निकल निगरानी में लापता व्यक्ति यमुना नदी के किनारे से मिला और उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया।इस तरह, लापता व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर ढूंढ लिया गया, जिससे परिवार को तुरंत राहत मिली और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

### दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने प्रह्लादपुर में आयोजित दिव्यांगजन सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत आज जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर वितरण किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों का आत्मसम्मान और सशक्त जीवन सुनिश्चित करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री इंद्राज ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जनस. ेवा, संवेदना और समावेशी विकास के संकल्प के साथ हम हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बवाना विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद किया। जनसेवा, जनसंवाद और जनसमर्पण के संकल्प के साथ स्थानीय समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए तत्परता दोहराई। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## पिछले वर्षों में दिल्ली की हवा सबसे बेहतर: पर्यावरण मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साल 2025 दिल्ली की हवा में सुधार की मजबूत मिसाल बना। इस साल प्रदूषण के प्रमुख मानकों पीएम 2.5 और पीएम 10 में गिरावट दर्ज की गई। पूरे साल में 79 दिन ऐसे रहे जब एक्यूआई एक्यूआई 100 से नीचे रहा, जबकि एक्यूआई 200 से नीचे वाले दिन 200 तक पहुंच गए, जो 2018 के बाद सबसे बेहतर स्थिति है (कोविड वर्ष 2020 को छोड़कर)। जनवरी से नवंबर तक औसत एक्यूआई 187 रहा ख्र जो पिछले 8 वर्षों में सबसे अच्छा है। गंभीर प्रदूषण (एक्यूआई 400 से ऊपर) वाले दिन सिर्फ 8 रहे, जो अब तक का कम आँकड़ों वाला साल रहा है।पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्लीवासियों ने हमें सेवा का मौका दिया और हमने साफ हवा को अपना पहला संकल्प बनाया। 2025 के बेहतर एक्यूआई दिन यह साबित करते हैं कि सही नीति और लगातार मेहनत से बदलाव संभव है।"धूल नियंत्रण के लिए सड़कों पर मशीनों से सफाई बढ़ाई गई, 405 एंटी-स्मॉग गन सड़क और ऊंची इमारतों पर लगाई गईं, व्यस्त इलाकों में पानी का छिड़काव हुआ और निर्माण स्थलों पर सख्त नियम लागू किए गए। नियम तोड़ने पर हजारों जगह कार्रवाई की गई।वाहन प्रदूषण पर कड़ा एक्शन लिया गया। 'पीयूसी नहीं तो ईंधन नहीं' नीति लागू हुई, बीएस-ट५ नियमों का सख्ती से पालन कराया गया और खुले में मलबा ढोने वाले ट्रकों पर भारी जुर्माना लगाया गया।उद्योगों से होने वाले प्रदूषण के मामले में सरकार ने जीरो टॉलरेंस अपनाया। प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को बंद किया गया, चाहे वे औद्योगिक इलाके में हों या गैर-अनुमत क्षेत्रों में। नियम तोड़ने पर सरकारी एजेंसियों पर भी जुर्माना लगाया गया। कचरा प्रबंधन में भी बड़ा बदलाव दिखा।

# यूएसएसडी कोड के बारे में जानकारी नहीं, तो तुरंत जान लें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगर कोई कहे कि साइबर क्रिमिनल बिना किसी इंटरनेट के और मोबाइली फोन की बेसिक टेलीकॉम सुविधाओं का गलत इस्तेमाल करके डिजिटल खाते और बैंक खातों पर अपना कब्जा कर रहे हैं। शायद आपको यह यकीन नहीं हो,मगर ऐसा हो रहा है।

असल में ये उन खातों को टारगेट कर रहे हैं,जिन लोगों को अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंटरी सेवा डेटा (यूएसएसडी) कोड्स के बारे में जानकारी नहीं होती है। इसलिये अगर आपको इस कोड्स के बारे में जानकारी नहीं है तो तुरंत जानकारी लें। इसकी गंभीरता को देखते हुए नेशनल साइबरक्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के तहत आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। असल में पिछले कुछ सालों में यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम काफी ज्यादा बढ़ा है। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि यूएसएसडी कोड के बारे में बताते हैं कि जैसे ही आप यह कोड डायल करते हैं,आपके फोन में कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिव हो जाती है। बैंक से आने वाली कॉल्स,ओटीपी वेरिफिकेशन कॉल्स और व्हट्सएप या टेलीकॉम जैसे ऐप्स की ऑथेंटिकेशन कॉल्स सीधे स्कैमर के पास चली जाती हैं। इसका फायदा उठाकर ठग ट्रांजैक्शन अप्रूव करके पासवर्ड बदल देते हैं। इसके बाद आपके बैंक खाते पर आपका होल्ड खत्म होकर

स्कैमर्स का कंट्रोल हो जाता है, वो भी बिना यूजर को तुरंत भनक लगे। जिसके बाद वह अपनी मर्जी से रुपये निकालता है और खर्च भी करता है। जिसमें आपके पास न तो कोई ओटीपी आता और न ही कोई मैसेज,ऐसे मामले साइबर पुलिस के पास कई आ भी चुके हैं। जिसमें पीडिघ्त कहता है कि उसके पास ओटीपी या फिर मैसज नहीं आया है।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि यूएसएसडी कोड बिना इंटरनेट के काम करते हैं और तुरंत लागू हो जाते हैं। इसी वजह से ये काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि कई मामलों में यूजर को कॉल फॉरवर्डिंग ऑन का कोई नोटिफिकेशन तक नहीं मिलता है। शक तब होता हैजब उनके बैंक अकाउंट से बिना अनुमति पैसे निकल जाते हैं या उनका मैसेजिंग अकाउंट लॉक हो जाता है। चूंकि इसमें मोबा. इल की वैध टेलीकॉम सुविधा का इस्तेमाल होता है, इसलिए सामान्य एंटीवायरस ऐप्स या स्पैम फिल्टर्स भी इसे पकड़ नहीं पाते। इसी स्कैम को काफी ज्यादा फायदा स्कैमर्स उठा भी रहे हैं। इसलिये किसी अनजान कॉलर द्वारा बताए गए 21, 61, 67 या इसी तरह के प्रीफिक्स वाले यूएसएसडी कोड कभी भी डायल न करें। अगर गलती से कॉल फॉरवर्डिंग एक्टिव हो गई है, तो तुरंत सभी कॉल फॉरवर्डिंग सर्विस बंद कर दें।

इसी तरह से ईमेल पर आए संदिग्ध डिलीवरी लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी गई है। किसी भी पार्सल या डिलीवरी की जानकारी केवल आधिकारिक कूरियर वेबसाइट या कस्टमर केयर नंबर से ही वेरिफाई करें।

साइबर एक्पर्ट बताते हैं कि अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंटरी सेवा डेटा (यूएसएसडी) मोबाइल फोन द्वारा अपने सेवा प्रोवाइडर के कंप्यूटर से बातचीत करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रोटोकॉल है।



**नववर्ष के पहले कार्य दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय ( डीयू ) में संवाद कार्यक्रम में कुलपति प्रो. योगेश सिंह शुभकामनाएं देते हुए।**

# नववर्ष के पहले कार्य दिवस पर कुलपति ने शुभकामनाओं के साथ गिनाई उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नववर्ष के पहले कार्य दिवस के अवसर पर गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ बीते वर्ष में डीयू की उपलब्धियां भी गिनवाई। कुलपति ने कहा कि आज का दिन हमारे पास 365 खाली पृष्ठों वाली एक पुस्तक और हाथ में एक पेन के साथ आया है, इसे उपलब्धियों से भरना है। उन्होंने विश्व. विद्यालय की उपलब्धियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2025 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में डीयू ने अच्छी उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी रैंकिंग टैलेंट, फंडिंग, पार्टनरशिप और रिसोर्स को खींचती है, जिससे ब्रांड की अच्छी रेप्युटेशन और ग्लोबल विजिबिलिटी होती है।

यह इंस्टीट्यूशनल क्वालिटी, रेप्युटेशन और परफॉर्मेंस का संकेत है जो भावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयों की तुलना करने, एकेडमिक एक्सीलेंस, रिसर्च आउटपुट और संभावित करियर मौकों पर फैसले लेने में मदद के लिए एक भरोसेमंद सोर्स के तौर पर काम करते हैं। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में डीयू ने अपना मजबूत वैश्विक स्थान बनाए रखा है। एम्प्लॉयमेंट आउटकम में पिछले साल के मुकाबले डीयू 14 स्थान ऊपर चढ़कर दुनिया में 30वें स्थान पर पहुंच गया है। वैश्विक रैंकिंग में डीयू का रैंक 328 रहा है।

ओवरआल स्कोर में डीयू 2025 के 33.8 से बढ़कर 2026 में 42.6 तक पहुंच गया है। एनआई आरएफ रैंकिंग पर बात करते हुए कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय श्रेणी में, डीयू इस बार छठे से पांचवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि शोध संस्थान श्रेणी में यह 14वें से 12वें स्थान पर पहुंच गया, जहां केवल आईआईटी और समर्पित शोध संस्थान ही डीयू से ऊपर रैंक कर पाए। एनआईआरएफ रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कालेजों को कुलपति द्वारा इस कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया गया।

# एम्स के विश्राम सदन में ठंड से बचने के लिए व्यवस्था की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एम्स में उपचार के लिए दूरदराज से आने वाले मरीज और उनके तीमारदार कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए एम्स के विश्राम सदन में ठहर सकते है। एम्स के अलग-अलग विश्राम सदन में 1500 बेड ठहरने के लिए उपलब्ध है। एम्स मुख्य और झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में स्थित विश्राम सदन में रहने की सुविधा उपलब्ध है।

एम्स मीडिया सेल की प्रमुख डॉ. रीमा दादा ने बताया कि एम्स में रोजाना दूरदराज से 18-20 हजार मरीज आते है। एम्स के विश्राम सदनों में मरीज और उनके तीमारदारों के ठहरने के लिए डॉरमेट्री रूम और एक से लेकर चार बेड वाले रूम की व्यवस्था है। सभी सदनों में कुल 1500 बेड उपलब्ध है जो एकदम साफ-सुथरे और रहने के लिए आरामदायक है। मरीजों को बताना चाहते है कि अगर उनके पास रहने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है तो वह डॉक्टर से लिखवाकर विश्राम सदन में रहने की सुविधा का लाभ ले सकते है।

एम्स के श्री साई विश्राम सदन में 100 बेड और राजगढ़िया विश्राम सदन में 149 बेड, ट्रामा सेंटर के पीछे वाले पावरग्रिड विश्राम सदन में 281 बेड, सीआरपीएफ द्वारा तैयार आश्रय शेल्टर में 180 के करीब बेड उपलब्ध है। झज्जर वाले इंफोसिस विश्राम सदन में 806 बेड उपलब्ध है। एम्स निदेशक प्रोफेसर एम. श्रीनिवास ने पूरी व्यवस्था को पारदर्शी कर दिया है। विश्राम सदनों में बेड की उपलब्धता को लेकर डैशबोर्ड लगे हैं। इस पर बेड आवंटन से लेकर खाली को लेकर जानकारी उपलब्ध रहती है। विश्राम सदन में प्रवेश आधार कार्ड, आभा कार्ड और यूएचआईडी कार्ड के जरिए मिलता है।

नई दिल्ली। एम्स ने स्वदेशी एमआरआई के संबंध में टास्क फोर्स का गठन किया है। इसके लिए 14 सदस्यों वाली समिति एम्स-समीर के सहयोग संबंधी कार्य की देखरेख करेगी।

## हल्की बारिश के साथ दिल्ली ने किया नए साल का स्वागत

**नई दिल्ली।**, नए साल के पहले दिन गुरुवार सुबह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में नये साल के पहले दिन लोगों के ऑफिस जाने से पहले हल्की बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी के पालम में हुई हल्की बारिश से हवाई अड्डे पर दृश्यता में सुधार देखा गया, जहां केवल हल्का कोहरा दर्ज किया गया। पालम और सफदरजंग दोनों स्थानों पर दृश्यता 500 मीटर रही, जबकि एक दिन पहले अत्यधिक घने कोहरे के कारण दृश्यता केवल 50 मीटर थी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वाह्न और दोपहर के समय दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

# नशे में वाहन चलाने वालों के 868 चालान काटे

**नई दिल्ली।** नए साल के जश्न को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मुख्य रास्तों पर रातभर चेकिंग की। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के 868 चालान काटे। एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि नशे व तेज रफ्तार वाहन चलाने, बाइक पर स्टंट करने और अन्य उल्लंघनों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख सड़कों, रात्रि आयोजन स्थलों और आवासीय इलाकों में पुलिस तैनात की गई थी। रातभर नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। नए साल के जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के 20,000 जवान तैनात किए थे। भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई और जिला नियंत्रण कक्षों के बीच वास्तविक समय में समन्वय रखा गया।

पुलिस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल उल्लंघनों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि नशे में वाहन चलाने वालों को कड़ा संदेश देना भी था क्योंकि इसके कारण सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं नए साल और एकादशी की वजह से एनएच-44 पर खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर और पहाड़गंज में श्री माता झंडेवालान मंदिर समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नए साल के पहले दिन भी एनसीआर की हवा 'जहरीली'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों को वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिल पाई है। साल के पहले ही दिन दिल्ली- एनसीआर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया।

केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विभिन्न मॉनिटरिंग स्टेशनों के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली के लगभग सभी इलाकों में एक्यूआई 300 से 420 के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के प्रमुख इलाकों की बात करें तो आनंद विहार में एक्यूआई 418, रोहिणी में 413, वजीरपुर में 414, सोनिया विहार में 421, विवेक विहार में 404 और डीटीयू में 391 दर्ज किया गया।

वहीं अशोक विहार में एक्यूआई 392, चांदनी चौक में 377, बवाना में 370, आर.के. पुरम में 381, शादिपुर में 382 और सिरीफोर्ट में 384 रहा। अलीपुर में एक्यूआई 328 और आया नगर में 327 रिकॉर्ड किया गया, जबकि सीआरआरआई मथुरा रोड क्षेत्र में एक्यूआई 310 दर्ज हुआ। पंजाबी बाग में एक्यूआई 391 और पूसा में 366 रहा।

इन आंकड़ों से साफ है कि राजधानी का शायद ही कोई इलाका ऐसा रहा हो जहां हवा सांस लेने लायक हो। दिल्ली से सटे एनसीआर के अन्य शहरों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार दिनभर आसमान में बादल छाए रहेंगे और सुबह व दोपहर के समय बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। तापमान अधिकतम 15 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

बारिश से प्रदूषण के स्तर में थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जरूर है। हालांकि मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि 2 और 3 जनवरी को सुबह के समय घना कोहरा छाने की संभावना है। 2 जनवरी को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 10 डिग्री, जबकि 3 जनवरी को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक गिर सकता है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

## पुलिस ने 711 मोबाइल फोन किए बरामद, 86 लोगों को मिले उनके फोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नववर्ष के पहले दिन शाहदरा डिस्ट्रिक पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया ऑपरेशन विश्वास के तहत चोरी व गुम हुए 711 मोबाइल फोन बरामद किए। इनमें से 86 फोन उनके मालिकों को वापस लौटा दिए गए। अन्य फोनों के मालिकों की पहचान करके बाकी फोन वापस किए जाएंगे।

डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि एक मई को शुरू किए गए "ऑपरेशन विश्वास" के तहत चोरी, झपटमारी, लूट और गुम हुए 711 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जिनकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ है। इनमें से 86 मोबाइल फोन नववर्ष की पूर्व संध्या पर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। डीसीपी ने बताया कि इस अभियान का नेतृत्व शाहदरा जिला पुलिस की टेक्निकल सर्विलांस टीम ने किया। तकनीकी विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि शाहद. रा जिले से जुड़े कई मोबाइल फोन देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर दिल्ली में सक्रिय हैं। इसके आधार पर जिले के विभिन्न थानों व इकाइयों से 13 विशेष टीमों का गठन किया गया। उसके बाद 711 बरामद किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गणतंत्र दिवस पर परेड में दिखेगी ऊंट घोड़ों की ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार बड़े स्तर पर पशु दस्ते भाग लेंगे। यह पशु दस्ते सेना की ताकत दिखाने के अलावा यह दर्शाएंगे कि राष्ट्रीय सुरक्षा में उनका योगदान कितना अहम है।

इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट, चार जांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), भारतीय नस्ल के 10 श्वान और 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे। दस्ते की अगुवाई दो कूबड़ वाले बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे। इनकी कूबड़ में वसा जमा होती है। भोजन की कमी होने पर वे इस वसा को ऊर्जा में बदल लेते हैं। इन ऊंटों को हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। यह ऊंट 15,000 फीट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से काम कर सकते हैं, 250 किलो तक का सामान ढो सकते हैं। कम पानी व चारे में लंबी दूरियां तय करते हैं। इनसे दूरद. राज के दुर्गम इलाकों में रसद पहुंचाने में मदद मिलती है। परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) सेना की नई और स्मार्ट सोच दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल अग्रिम क्षेत्रों में निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है। रैप्टर शब्द लैटिन के रैपेरे से बना है, जिसका अर्थ पकड़ना या लूटना होता है। यह काम इनके मिजाज के साथ मेल खाता है।

फिलहाल सेना इनको एंटी ड्रोन वॉरफेयर के लिए तैयार कर रही है। गणतंत्र दिवस परेड में कदमताल करते समय यह मूक योद्धा याद दिलाएंगे कि देश की रक्षा सिर्फ हथियारों से ही नहीं होती। सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तान तक इन पशुओं ने चुप रहकर मजबूती से अपना फर्ज निभाया है।

इसके बाद परेड में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे कारगिल की जांस्कर घाटी में पाए जाने वाले दुर्लभ स्वदेशी घोड़े। छोटे आकार के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत व सहनशक्ति होती है। यह शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और बहुत ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकते हैं।

साल 2020 से यह सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवारत हैं। सेना ने बताया कि कई बार यह एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करते हैं।

परेड में सेना की स्वदेशी नस्लों के श्वान भी शामिल होंगे। यह आतंकरोधी अभियानों, बारूदी सुरंगों की पहचान, खोजबीन और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई बार इन कुत्तों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सेना मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजा पलायम जैसे स्वदेशी श्वानों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

# राजनाथ सिंह भारत रत्न अटल बिहारी के चित्रों का करेंगे अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आगामी 3 जनवरी 2026 को दिल्ली विधान सभा सदन में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्रों का अनावरण करेंगे, यह जानकारी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दी। इन चित्रों की स्थापना विधानसभा सदन में की जाएगी, जो भारतीय लोकतंत्र, शिक्षा, संस्कृति एवं सार्वजनिक जीवन में इन दोनों महान राष्ट्रनायकों के अतुलनीय योगदान के प्रति गहन सम्मान और स्थायी श्रद्धांजलि का प्रतीक होगी। इस अवसर पर 'भारत माता' शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा। यह प्रकाशन चित्रकला, स्थापत्य और साहित्य के माध्यम से भारतीय राष्ट्रभावना की अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करता है तथा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित है। इसी संदर्भ में अध्यक्ष द्वारा दिल्ली पुलिस सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता तथा पद्म भूषण राम बहादुर राय, अध्यक्ष, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



**विधान सभा सदन में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्रों के अनावरण को लेकर अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता बैठक करते हुए।**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव को लेकर कई नेताओं के नाम की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा आला कमान के पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति के बाद अब उन प्रदेशों के अध्यक्ष बनाने की शुरूआत होने वाली है, जहां संगठन के चुनाव नहीं हुए हैं। बताया जा रहा कि 15 जनवरी को खरमास समाप्त होने के बाद इस संबंध में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की भी प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार मौजूदा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को दोबारा मौका मिलने की संभावना कम ही मानी जा रही है। पार्टी के अंदरूनी बातों और हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों को देखते हुए यह संकेत मिल रहे हैं कि संगठन की कमान किसी नए और चौंकाने वाले चेहरे को सौंपी जा सकती है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि यदि वीरेंद्र सचदेवा को दोबारा अवसर देना होता तो कुछ प्रदेशों की तरह उनकी नियुक्ति पहले ही कर दी जाती, लेकिन दिल्ली में ऐसा न होना इस बात की ओर इशारा है कि केंद्रीय नेतृत्व संगठनात्मक बदलाव के मूड में है।

सचदेवा को दूसरा कार्यकाल न देने के पीछे दिल्ली सरकार और दिल्ली के कुछ सांसदों से उनके संबंध अपेक्षित रूप से सहज न होना एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल की कमी को लेकर भी शीर्ष नेतृत्व में असंतोष की चर्चा है। इसके अलावा हाल ही में एमसीडी के 12 वार्डों में हुए उपचुनाव भी वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ जा रहे हैं। इन उपचुनावों में भाजपा को पहले की तुलना में कम सीटें मिलना पार्टी के भीतर नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

एमसीडी में भाजपा पार्षदों के बीच जारी गुटबाजी को लेकर भी प्रदेश नेतृत्व पर उंगलियां उठ रही हैं। कई वरिष्ठ नेताओं का आरोप है कि आपसी खींचतान को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है और इसका सीधा असर एमसीडी की राजनीति और पार्टी की छवि पर पड़ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर बदलाव को अब अपरिहार्य माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन की तरह ही दिल्ली में भी कोई अपेक्षाकृत नया या कम चर्चित, लेकिन संगठनात्मक रूप से मजबूत चेहरा सामने आ सकता है।

# आपकी खुशियां छीनने को स्कैमर्स करवाना चाहते हैं बस एक क्लिक

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** नया साल की हार्दिक शुभकामनाएं और नये नये नंबर से लुभावने ऑनलाईन ऑफर आपके फोन पर व्हट्सएप मैसेज व वीडियो या फिर ईमेल आदि पर जरूर बलक में आ रहे हैं। बिना देखे आप भी उनको क्लिक करके देख भी रहे हैं। जिनको देखकर आप खुश भी हो रहे हैं।

मगर इसी खुशी को छिनने के लिये स्कैमर्स भी तैयारी कर रखी है। इसलिये साइबर एक्सपर्ट कहते हैं कि किसी भी अंजान नंबर या फिर अपने ही जानकार के नंबर से आने वाले लिंक को भी सोच समझ कर ऑपन करें। क्योंकि स्कैमर्स आपके जानकार का नंबर हैक करके एपीके फाइल वाला लिंक आपके पास भेजकर आपके बैंक खाते की रकम को कुछ ही मिनट में साफ कर सकता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह स्कैम मुख्य रूप से एपीके (एंड्रॉयड पैकेज किट) फाइल के जरिए की जाती है। फाइल एक पैकेज फॉर्मेट है जिसमें एंड्रॉयड एप्स को इंस्टॉल करने के लिए सभी जरूरी कोड, रिसोर्सेज और डाटा होता है। जब आप एप स्टोर से कोई एप डाउनलोड करते हैं, तो वो भी इसी एपीके फाइल के जरिए इंस्टॉल होती है। स्कैमर्स वाट्सएप पर एक फाइल भेजते हैं जिसके साथ आकर्षक टेक्स्ट या इमेज होती है, ताकि आपको लगे कि यह कोई डिजिटल ग्रीटिंग कार्ड या गिफ्ट है। फाइल के साथ हैप्पी न्यू ईयर जैसा संदेश लिखा होता है। जैसे ही आप उस फाइल पर क्लिक करते हैं वो एपीके फाइल आपके फोन में इंस्टॉल हो जाती है। एक बार फाइल इंस्टॉल होने के बाद हैकर को आपके फोन का पूरा एक्सेस मिल जाता है। इसके बाद आपकी निजी जानकारी और बैंकिंग डिटेल्स उनके पास पहुंच जाती हैं।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि इस तरह के स्कैम से बचने के लिए अपने एंड्रॉयड फोन की सेटिंग्स में जाकर इंस्टॉल फ्रॉम अननोन सोर्सेज या साइडलोडिंग के विकल्प को हमेशा बंद रखें। यह गूगल प्ले स्टोर के बाहर से एप इंस्टॉल होने से रोकता है। ज्यादातर मामलों में ऐसे एपीके एप्स किसी थर्ड पार्टी वेबसाइट या ऑफिशियल एप स्टोर के बाहर से डाउनलोड किए जाते हैं जो फोन को हैक कर सकते हैं। हालांकि आईफोन में एपीके फाइल इंस्टॉल नहीं होती लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप पूरी तरह सुरक्षित हैं।

संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें क्योंकि वे आपको फिशिंग वेबसाइटों पर ले जा सकते हैं। फिशिंग वेबसाइटें असली वेबसाइटों (जैसे बैंक, सोशल मीडिया) की हूबहू नकल करके बनाई गई नकली साइटें होती हैं। इनका उद्देश्य यूजरनेम, पासवर्ड, और क्रेडिट कार्ड डिटेल्स जैसी संवेदनशील जानकारी चुराना है। अपराधी अक्सर एपीके फाइल्स या लिंक के जरिए आपके फोन में मालवेयर इंस्टॉल कर देते हैं। इंस्टॉल होते ही फोन का कंट्रोल उनके हाथों में चला जाता है। इसके बाद वे आपके डेटा चुराते हैं, आपके परिचितों को फ्रॉड मैसेज भेजते हैं या बैंक अकाउंट से पैसे ट्रांसफर करते हैं। अभी क्लिक करो या जल्दी फॉरवर्ड करो जैसे संद. ेश इसी जल्दबाजी का हिस्सा होते हैं, जो लोगों को फंसाने का पहला संकेत है। साइबर अपराधियों की सबसे बड़ी ताकत लोगों की भावनाओं और लालच पर खेलना है। आपके नाम से ग्रीटिंग भेजें या फ्री गिफ्ट पाएं जैसे शब्द लोगों को आकर्षित करते हैं और जल्दबाजी में वे गलती कर बैठते हैं। यही मान. सिक चाल ठगों को सफल बनाती है। इसलिए विशेषज्ञ बार-बार यही सलाह देते हैं कि किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें और जांचें।

विशेषज्ञों का कहना है कि अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और कभी भी प्ले स्टोर या ऐप स्टोर के बाहर से एप इंस्टॉल न करें। मैसेजिंग एप में ऑटो-डाउनलोड बंद रखें और ओटीपी या बैंक डिटेल्स साझा न करें।

## लापता को सकुशल तलाशकर परिवार को सौंपा

**नई दिल्ली।** द्वारका साउथ इलाके में एक युवक ने अपने घर फोन किया,लेकिन फोन उसके बाद स्वीच ऑफ कर दिया। परिवार वाले परेशान होकर अपने बेटे को तलाशने के लिये सडकों पर भटकते रहे। जब नहीं मिला तो पुलिस की सहायता ली। पुलिस ने 24 घंटे के ऑपरेशन में युवक को सकुशल तलाशकर परिवार को सौंप दिया। नये साल से कुछ घंटे पहले अपने बेटे को सकुशल पाकर परिवार ने दिल्ली पुलिस का शुक्रिया अदा किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस चौकी द्वारका सेक्टर-10 को उत्तम नगर के रहने वाले तीस साला के मुकेश राम के लापता होने के बारे में जानकारी मिली थी। एसीपी किशोर कुमार रेवाल की देखरेख में एसएचओ राजेश कुमार शाह के निर्देशन में पुलिस टीम ने मैनुअल और टेक्निकल निगरानी के आधार पर जानकारी इकट्ठा की।

# ट्रैफिक पुलिस ने नए साल पर किए ट्रैफिक के इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 की पूर्व संध्या पर, दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक मैनेजमेंट डिवीजन ने पूरे शहर में खास ट्रैफिक इंतजाम किए थे, जिसमें कनॉट प्लेस और उसके आस-पास के इलाकों और दूसरी जगहों पर खास ध्यान दिया गया, जहां ज्यादा भीड़ और ट्रैफिक बढ़ने की उम्मीद थी। ये कदम सेलिब्रेशन के दौरान ट्रैफिक की सुरक्षित और सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए थे।दिल्ली पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक शशांक जायसवाल ने बताया किइन ट्रैफिक इंतजामों के तहत, यूनिट ने स्थानीय पुलिस यूनिट और पीसीआर वैन के साथ मिलकर पूरे शहर में एक तेज प्रवर्तन और निगरानी अभियान चलाया। इसके तहत जानलेवा ट्रैफिक उल्लंघनों पर रोक लगाने पर खास जोर देते हुए, रणनीतिक जगहों, संवेदनशील हिस्सों और प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाए गए।

प्रवर्तन में नशे में ड्राइविंग, दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना, ट्रैफिक के विपरीत दिशा में गाड़ी चलाना (गलत साइड ड्राइविंग) और गलत पार्किंग जैसे अपराधों को टारगेट किया गया। वरिष्ठ ट्रैफिक पुलिस अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इंतजामों की निगरानी और देखरेख के लिए मौके पर मौजूद रहे।



**दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रन द्वारा नानकपुरा कार्यालय में तीन दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी।**

# दिल्ली पुलिस ने किया क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रन ने नानकपुरा कार्यालय में तीन दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम का मुख्य फोकस नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट (सीटीआर ) को संभालने को मजबूत करना और बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री से जुड़े मामलों में जांच क्षमताओं को बढ़ाना था। इस कार्यशाला में दिल्ली के सभी जिलों के साइबर पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस अधिकारियों और जांच अधिकारियों के साथ-साथ आईएफ एसओ , दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने भाग लिया। गृह मंत्रालय के I4सी के विषय विशेषज्ञों ने कार्यक्रम के लिए संसाधन संकाय के रूप में कार्य किया।अपने उद्घाटन भाषण में,पुलिस उपायुक्त, एसपीयू डब्ल्यूएसी अंजिता चेप्याला ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और एनसीएमईसी, साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर जिला-वार की गई कार्रवाई रिपोर्ट पर एक संक्षिप्त जानक. ारी प्रस्तुत की।

उप निदेशक ऐश्वर्या डोंगरे, ने उभरते रुझानों, विकसित हो रही जांच रणनीतियों, सुरक्षिणी रोकथाम और शमन प्रणाली, प्रासंगिक भारतीय वैधानिक ढांचे और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे, परिचालन चुनौतियों और (CSEAM) से निपटने में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ I4C की समन्वय भूमिका पर प्रकाश डाला।

# डीयू एग्जामिनेशन ब्रांच में विद्यार्थियों व पेपरों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के एग्जामिनेशन विंग में पिछले साल में विद्यार्थियों और पेपरों की संख्या में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। उसके बावजूद एग्जामिनेशन विंग ने परीक्षाओं का सफल संचालन किया।

डीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एग्जामिनेशन विंग को अपनी कामयाबियों, खासकर नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय के सेमेस्टर एग्जाम सफलतापूर्वक कराने पर गर्व है।

स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग समेत लगभग 90 कॉलेजों में 7 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए परीक्षाएं कराई गई। इनमें 10 हजार से ज्यादा शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से लगभग 15000 प्रश्न पत्र तैयार किए गए। प्रो. टुटेजा ने बताया कि हाल के वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय की एग्जामिनेशन ब्रांच के ऑपरेशनल स्केल में काफी बढ़ोतरी हुई है, जो विश्वविद्यालय के बढ़ते एकेडमिक फुटप्रिंट और असेसमेंट सिस्टम की बढ़ती कॉम्प्लेक्सिटी को दिखाता है। अकादमिक वर्ष 2021ख्22 से 2025-26 तक के ऑफिशियल डेटा और हाल के एग्जामिनेशन सेशन स्टूडेंट पार्टिसिपेशन, क्वेश्चन पेपर और सेशनल वर्क लोड में लगातार बढ़ोतरी दिखाते हैं।

उन्होंने बताया कि नवंबर-दिसंबर 2025 सत्र के दौरान एक ही सत्र में आयोजित प्रश्न पत्रों की अधिकतम संख्या 941 पर पहुंच गई, जबकि नवंबर-दिसंबर 2024 में यह 228 थी। इसी तरह, एक सत्र में परीक्षा देने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या एक वर्ष के भीतर 69,808 से बढ़कर 86,000 हो गई। ये आंकड़े एक ही सत्र में विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली द्वारा संभाले गए अब तक के सबसे अधिक कार्यभार को दर्शाते हैं। मई-जून 2025 और नवंबर- दिसंबर 2025 के तुलनात्मक डेटा प्रस्तुत करते हुए प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने बताया कि नवंबर-दिसंबर 2025 सत्र में कई दिनों में प्रतिदिन 800 से अधिक प्रश्न पत्र दर्ज किए गए, जिसमें एक दिन का अधिकतम स्तर 941 प्रश्नपत्र थे, जो पिछले सत्रों के संबंधित आंकड़ों से कहीं अधिक था।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 9952 23/10/2010 में गलती से नाम सोनम अंकित कराया गया था जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सोनम ज़ारा है। भविष्य में भी इसी नाम से उसे जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतू शपथ पत्र विभाग में दिया जा रहा है।

**निवेदक**
**माशाल्लाह पुत्र लियाकत अली निवासी 336 खालापार मुजफ्फरनगर**
**9897627749**

# प्रदूषण के खिलाफ मेट्रो का एक्शन मोड, एंटी स्मॉग गन व मिस्ट स्प्रे से राहत की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) भी सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात में मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया है कि मेट्रो स्टेशनों और एलिवेटेड रूट पर धूल नियंत्रण एवं प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से एंटी स्मॉग गन और मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने मेट्रो द्वारा उठाए जा रहे इन कदमों की सराहना करते हुए कहा कि डीएमआरसी को दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ एक मॉडल एजेंसी के रूप में कार्य करना चाहिए, ताकि अन्य विभाग भी उससे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजधानी के नागरिकों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री से कल शाम हुई मुलाकात में मेट्रो अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली मेट्रो द्वारा प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ठोस और तकनीकी उपाय किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन स्थलों पर पहले से ही 83 एंटी स्मॉग गन सहित अन्य धूल नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं। इसके अलावा 20 नई एंटी स्मॉग गन लगाने की योजना है, जिनमें से कई पहले ही स्थापित की जा चुकी हैं। शेष 10 एंटी स्मॉग गन जल्द स्थापित कर दी जाएंगी। मेट्रो अधिकारियों ने संभावना व्यक्त की कि सभी एंटी स्मॉग गन की स्थापना का कार्य 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। जिन स्टेशनों पर यह गन लगाई गई है या लगनी है उनमें कश्मीरी गेट, समयपुर बादली, द्वारका सेक्टर-21, राजौरी गार्डन, आनंद विहार, पीरागढ़ी, अशोक विहार के अलावा मेट्रो भवन आदि शामिल है।

मेट्रो अधिकारियों ने यह भी बताया कि मिस्ट स्प्रे सिस्टम अब तक 37 मेट्रो स्टेशनों पर लगाया जा चुका है। योजना के तहत दिल्ली के सभी एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम स्थापित किया जाएगा। मुख्य सड़कों पर स्थित स्टेशनों को प्राथमिकता दी जा रही है और इस दिशा में अधिकांश कार्य 20 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जहां एंटी स्मॉग गन उपलब्ध नहीं होंगी, वहां मिस्ट स्प्रे सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। जिन स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया गया है, उनमें पीतमपुरा, रिठाला, घिटोरनी, करोल बाग, मोती नगर, उत्तम नगर ईस्ट, निर्माण विहार, कैलाश कॉलोनी, बदरपुर, मोती बाग आदि स्टेशन शामिल हैं। मेट्रो अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को यह भी जानकारी दी कि प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ दिल्ली मेट्रो राजधानी के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दे रही है। करीब 200 अतिरिक्त मेट्रो पिलरों पर आर्टवर्क कराने की योजना बनाई गई है, जिसे 30 अप्रैल तक पूरा किया जाएगा। इनमें से 50 पिलरों पर आर्टवर्क जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल 10 पिलरों पर आर्टवर्क का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कई अन्य पिलरों पर कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने यह भी बताया कि इसके अलावा कई मेट्रो स्टेशनों के आसपास सेंट्रल वर्ज (मध्य पट्टी) के रखरखाव का भी कार्य शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में 25 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिन पर कार्य चल रहा है या शीघ्र शुरू होने वाला है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ समन्वय स्थापित किया गया है और आवश्यक तकनीकी जानकारी साझा की जा चुकी है।

## इंटरव्यू के बहाने बुलाकर कार में की दरिंदगी

**नई दिल्ली।** हरियाणा के यमुना नगर की एक युवती नौकरी की तलाश में दिल्ली आई। यहां एक महिला जानकार के जरिए दो युवकों ने उसे नौकरी लगवाने का वादा किया।

इसके बाद पीड़िता को पूर्वी दिल्ली में कार से घुमाकर अगवा कर लिया। आरोपियों ने आनंद बस अड्डे के सामने कार में ही पीड़िता के साथ जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता रोने और चिल्लाने लगी तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। बाद में उसका यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता के गिड़गिड़ाने के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ दिया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उप मुख्य अभियंता निर्माण, सीएसबी-II, उत्तर रेलवे, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है, निविदा समापन तिथि **23.01.2026** को **15.00 बजे**। मूल/संशोधित निविदा की अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

| |
|---|
| **निविदा** : (ई-निविदा एक पैकेट) (खुली निविदा)। |
| **निविदा सूचना संख्या** : 146-W-Dy- CE-C-II-CSB दिनांक 01.01.2026 |
| **कार्य** : शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली में DYCE/C-II/CSB के ऑफिस कॉम्प्लेक्स का रखरखाव और नवीनीकरण। |
| **अनुमानित लागत** : रु. 61,95,491 (रु. इकसठ लाख पचानवे हज़ार चार सौ इक्यानवे मात्र) |
| **सुरक्षा राशि** : रु. 1,23,900 (रु. एक लाख तेईस हज़ार नौ सौ केवल) |
| **पूर्णता अवधि** : 12 माह। |
| **निविदा की उपलब्धता** : निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर दिनांक 23.01.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| **वेबसाइट पर निविदा उपलब्धता की तिथि** : 01.01.2026. |
| **निविदा समापन तिथि** : 23.01.2026 को 15.00 बजे। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 10/2026

# अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में स्थित बन्द एवं बिना सुरक्षागार्ड वाली कंपनियों की रेकी कर रात में कीमती सामान चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 शातिर अभियुक्तों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 2.5 लाख रुपये कीमत का चोरी का सामान, अवैध शस्त्र व घटना में प्रयुक्त 1 कार बरामद किया है। तीनों बदमाशों के खिलाफ एनसीआर के जनपदों में 46 मुकदमे विभिन्न आपराधिक मामलों में दर्ज हैं।




जानकारी के अनुसार थाना फेस-2 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से रात में कंपनियों के शटर का ताला काटकर चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 3 शातिर अभियुक्त अशोक भाटी पुत्र वीरपाल भाटी, सचिन उर्फ विशाल पुत्र राजेन्द्र उर्फ छोटे तथा वसीम मलिक पुत्र सलीम मलिक को ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर-88 के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल जिसमें 41 बंडल तार, 61 लोहे की प्लेट, 120 स्टील की पत्ती जिनकी अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपये है। 3 अवैध चाकू, चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण-1 ग्राइंडर मशीन, 1 हथौड़ी, 1 छैनी, 2 लोहे की कटर व चोरी करने में प्रयुक्त कार बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों से ज्ञात हुआ कि वे दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में स्थित बन्द एवं बिना सुरक्षागार्ड वाली कंपनियों की रेकी करते थे। मौका पाकर ये अभियुक्त रात्रि के अंधेरे में कम्पनियों में प्रवेश कर वहां रखा कीमती सामान जैसे बिजली के तार, लोहे की प्लेटें, स्टील की पत्तियां आदि चोरी कर लेते थे। चोरी किया गया सामान अपनी कार में रखकर ले जाते थे तथा अपने पास अवैध चाकू रखते थे। चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त धनराशि को अपनी शौक में खर्च करते थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पकड़े जाने के भय से एक स्थान पर नहीं रुकते थे, बल्कि निरंतर स्थान बदलते रहते थे। अभियुक्तों का कोई निश्चित ग्राहक नहीं होता था, बल्कि जहां अधिक दाम मिलता था वहां चोरी किया गया सामान मोल-भाव कर बेच देते थे। पुलिस से बचने के लिए अभियुक्त प्राय: इंटरनेट कॉलिंग का प्रयोग करते थे, ताकि उनकी लोकेशन को पुलिस द्वारा ट्रेस न की जा सके। उन्होंने बताया कि तीनों अभियुक्त मूल रूप से जनपद बुलन्दशहर के निवासी हैं। चोरी करने पूर्व अभियुक्त अपनी कार की नंबर प्लेट पर टेप लगाकर उसे छिपा देते थे, जिससे वाहन की पहचान व ट्रैकिंग न हो सके। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ कर अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# घर खरीदारों के लिए उम्मीदों भरा साल

## रेपो रेट में कटौती से होम लोन सस्ता, प्रॉपर्टी की कीमत भी बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर हो या देश के दूसरे शहर, जो लोग घर खरीदने या प्रॉपर्टी में निवेश की सोच रहे हैं, उनके लिए साल 2026 कई मायनों में अहम साबित हो सकता है। बीते कुछ सालों की अस्थिरता के बाद अब रियल एस्टेट सेक्टर एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां कीमतें, मांग और निवेशख़्वतीनों में संतु. लित मजबूती दिख रही है।

2025ख्26 की शुरुआत से ही बाजार में साफ संकेत मिले हैं कि घर खरीदने वालों का भरोसा लौट रहा है। दिल्ली-एनसीआर में प्रॉपर्टी कीमतों में औसतन करीब 24 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, आरबीआई के नरम रुख और रेपो रेट में कटौती से होम लोन सस्ता हुआ है, जिससे एंड-यूजर्स के लिए घर खरीदना आसान हुआ है।सीबीआरई की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 के पहले नौ महीनों में रियल एस्टेट सेक्टर में करीब 10.2 बिलियन डॉलर का निवेश आया है, जो साल के अंत तक नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ सकता है।

कोलियर्स का अनुमान है कि 2025-26 में हर साल 5 से 7 बिलियन डॉलर तक का संस्थागत निवेश भारत आ सकता है। मजबूत अर्थव्यवस्था, बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और विदेशी निवेशकों की वापसी इसकी बड़ी वजह हैं।

**लक्जरी घर अब सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं:** एक बड़ा बदलाव यह भी है कि लक्जरी हाउसिंग अब केवल मुंबई, दिल्ली या बेंगलुरु तक सीमित नहीं रही। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम के साथ-साथ लखनऊ, जयपुर, इंदौर, देहरादून और मोहाली जैसे शहर तेजी से उभर रहे हैं। एक्सप्रेसवे, मेट्रो और औद्योगिक विकास ने इन इलाकों में घरों की मांग और कीमत दोनों बढ़ा दी है। अनुमान है कि 2026 में लक्जरी हाउसिंग की मांग 20-25 फीसदी तक बढ़ सकती है।

**रिटर्न के मामले में शेयर बाजार से आगे:** रियल एस्टेट निवेशकों के लिए भी आकर्षक बना हुआ है।

फाइनेंस हाउसिंग टोटल रिटर्न इंडेक्स के अनुसार, प्रमुख शहरों में रियल एस्टेट ने बीते साल करीब 15 फीसदी रिटर्न दिया, जबकि इसी दौरान शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। डेवलपर्स का मानना है कि कीमतें बढ़ने के बावजूद मिड-सेगमेंट और प्रीमियमख़्रदोनों में खरीदार सक्रिय रहेंगे।

## नशे में धुत्त व्हील चेयर पर पहुंचे

**नोएडा।** नोएडा के गार्डन गलेरिया मॉल में जश्न के दौरान शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों पर पुलिस ने एक्शन लिया। मॉल के बाहर नशे में धुत्त लोग व्हील चेयर पर नजर आए। कुछ युवकों को नशे की हालत में पकड़कर चौकी लाया गया। वहां उनसे बातचीत की गई। इसके अलावा सेक्टर-39 में सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए।

नोएडा के गार्डन गलेरिया मॉल के पब और बॉर मे लोगों ने जमकर शराब छलकाई। इस दौरान नशे में धुत्त लोगों ने हुड़दंग करने का प्रयास किया। जिनको पुलिस ने पकड़ा। इसके कई वीडियो भी सामने आए। जिसमें पुलिस युवकों को पकड़कर चौकी ले जाते दिख रही है। कुछ युवक इतने नशे में थे उनको चौकी तक लाने में पुलिस के भी पसीने छूट गए।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का शुभारंभ, प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद में गौतमबुद्धनगर में नया साल 2026 के अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का शुभारंभ किया गया। माह भर चलने वाले इस विशेष अभियान का आयोजन 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर दो दर्जन प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग पर विशेष जोर देते हुए 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान की सराहना की तथा ओवर स्पीडिंग और नशे की




हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की अपील की।

डीसीपी (यातायात) प्रवीण रंजन सिंह ने जनपद को 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ पुलिस एवं परिवहन विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने तथा अन्य यातायात उल्लंघनों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

एआरटीओ (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने 'वीर योजना' के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित सहायता, 'कैशलेस ट्रीटमेंट योजना' के माध्यम से घायलों को नकद रहित उपचार तथा 'हिट एंड रन योजना' के अंतर्गत दुर्घटना के बाद फरार वाहन चालकों के मामलों में मुआवजा प्रावधान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात नियमों से संबंधित संद.ेश, जागरूकता पोस्टर एवं शपथ अभियान के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सक्रिय सहभागिता करें और सड़क सुरक्षा को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं, क्योंकि सुरक्षित सड़कें ही सुरक्षित और खुशहाल जीवन की गारंटी हैं।

कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैसलाल, एआरटीओ विनय सिंह, यात्रीकर अधिकारी केजी संजय, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) संजय गुप्ता, मोटर वाहन स्कूल के चालक प्रशिक्षक सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### युवक लापता: घर से रुपये लेने निकला था, परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चूहड़पुर बांगर गांव से एक 45 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। वह बुधवार सुबह घर से उधारी के रुपये लेने निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश के बाद गुरुवार को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

अट्टा फतेहपुर गांव निवासी शफीक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके जीजा रफाकत (45), जो चूहड़पुर बांगर के निवासी हैं, बुधवार सुबह अपनी बहन से बिलासपुर कस्बे के एक व्यक्ति से उधार दिए गए रुपये लेने की बात कहकर घर से निकले थे। शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उनके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में रफाकत की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों की चिंता बढ़ने पर गुरुवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और लापता व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को रफाकत के बारे में कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### नववर्ष पर 23 करोड़ की शराब गटक गए लोग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नववर्ष के जश्न में लोगों ने जमकर जाम छलकाए। 31 दिसंबर की रात जिले में लोग करीब चार लाख लीटर से अधिक शराब पी गए। इसकी कीमत करीब 23 करोड़ रुपये से अधिक है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में कुल 544 शराब की दुकानें हैं। करीब 150 क्लब और बार हैं। क्लबों में रात 11 बजे और क्लब में रात दो बजे तक नववर्ष का जश्न मना। इस दौरान 31 दिसंबर की रात जिलेभर में करीब चार लाख लीटर से अधिक शराब की बिक्री हुई। इसकी अनुमानित कीमत 23 करोड़ है।

एक जनवरी को भी दुकानों पर जमकर शराब की बिक्री हुई। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि 31 दिसंबर और एक जनवरी को जिले में आबकारी विभाग 35 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर सकता है। वहीं, बात करें क्रिसमस की तो 24 और 25 दिसंबर को जिले में करीब 18 करोड़ की शराब बिक्री हुई थी।

### दोस्तों के साथ जश्न मना रहे युवक की 15वीं मंजिल से गिरकर मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसाइटी में नए साल का जश्न युवक के लिए जानलेवा बन गया। पार्टी के दौरान सोसाइटी की 15वीं मंजिल से गिरकर उसकी मौत हो गई। पुलिस युवक के दोस्तों से पूछताछ कर रही है। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक 31वर्षीय विनीत सोसाइटी की 15वीं मंजिल पर फ्लैट में किराए में रहता था। वह नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार की रात विनीत अपने फ्लैट पर दोस्तों के साथ नए साल का जश्न मना रहा था।

पार्टी के दौरान देर रात अचानक विनीत संदिग्ध परिस्थितियों में 15वीं मंजिल से नीचे आ गिरा। विनीत के नीचे गिरते ही उसके दोस्त वहां से भाग निकले। इस बीच सोसाइटी के लोगों ने विनीत को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की। दोस्तों के बारे में पता लगाकर उनसे पूछताछ कर रही है। विनीत मूलरूप से बिहार के सिवान जिले के तरवारा गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है।

# बाइक चोर मैकेनिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में एक मैकेनिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके एक नाबालिग साथी को भी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों मिलकर बाइक चोरी करते थे और फिर उनके पुर्जे बेच देते थे।

मुख्य आरोपी मैकेनिक चोरी की बाइक के पुर्जे निकालकर दूसरी बाइकों में लगाता था। बचे हुए अन्य पुर्जों को वह कबाड़ की दुकान पर बेच देता था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। नाबालिग को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात टीम नववर्ष के मद्देनजर कस्बे में गश्त कर रही थी। उसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। वे पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने पीछा कर दोनों को धरदबोचा।

पकड़े गए युवकों में से एक की पहचान सुमित कुमार (19) निवासी खेरली भाव, थाना रबूपुरा के रूप में हुई। दूसरा साथी नाबालिग है। आरोपी सुमित ने पूछताछ में बताया कि वह दनकौर कस्बे में बाइक मैकेनिक है।

आरोपियों ने बताया कि उनके पास से मिली बाइक उन्होंने करीब चार दिन पहले कस्बे के एक कॉलेज के पास से चोरी की थी। पूछताछ के दौरान दोनों ने अब तक करीब तीन बाइक चोरी करने की बात कबूली। उन्होंने बताया कि वे अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरे को जुव.ेनाइल कोर्ट में पेश किया गया है।

## डिवाइडर से टकराई बेकाबू ब्रेजा कार

**नोएडा।** सेक्टर-51 के पास न्यू ब्रेजा कार डिवाइडर से टकरा गई। कार का अब तक नंबर भी मिला था। कार में दो युवक थे। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। इसमें एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज किया जा रहा है। मृतक की पहचान झज्जर निवासी रोहित 20 साल हुई है। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है। दरअसल गुरुवार को तेज रफ्तार ब्रेजा कार सेक्टर-51 के पास से जा रही थी। स्पीड ज्यादा होने की वजह से कार बेकाबू हो गई। और होशियारपुर गली नंबर-1 के पास डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कार का बोनट और साइड दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार की स्पीड करीब 120 के आसपास रही होगी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।

# 1.59 करोड़ की प्रॉपर्टी धोखाधड़ी का खुलासा, शातिर जालसाज गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा क्षेत्र में अन्य कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना प्रोजेक्ट बताकर कामर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने व बेचने के नाम पर 1.59 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले शातिर जालसाज को थाना सेक्टर-142 पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है।



थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नोएडा में रहने वाले एक शख्स ने 18 अक्टूबर 2025 को थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि श्याम गौतम व विशनु गौतम पुत्र जयप्रकाश गौतम द्वारा नकली अलाटमेण्ट लेटर, फर्जी एग्रीमेंट के जरिये अन्य कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना बताकर बेचने व कामर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का अपराध किया है। उन्होंने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त देवान्श शर्मा उर्फ श्याम गौतम पुत्र जयप्रकाश गौतम को भूटानी एल्फातथम के सामने सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त देवान्श शर्मा उर्फ श्याम गौतम द्वारा प्रॉपर्टी खरीदवाने व बिचवाने के नाम पर अपना व्यपार करके अपनी कंपनी के द्वारा लोगों को प्रभावित कर उनसे पैसे लेकर प्रोपर्टी न दिलाने तथा पैसे वापिस न करने का कार्य किया जा रहा था। वर्ष 2022 में अभियुक्त श्याम गौतम उर्फ देवांश शर्मा अपने भाई सह अभियुक्त विष्णु गौतम के साथ मिलकर एक व्यक्ति को प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर एक करोड़ 59 लाख रुपए की धोखाधडी की थी तथा प्रॉपर्टी भी नहीं दी गयी और पैसा भी वापस नहीं किया था। उन्होंने बताया कि दूसरे अभियुक्त विशनु गौतम की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# नव वर्ष पर मंदिरों और गुरुद्वारों में उमड़े लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** नए साल के पहले दिन गुरुवार को धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जिले के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और हनुमान चालिसा का पाठ कर अपने परिवार की सुख-शांति की कामना की। वहीं, गुरुद्वारों में लोगों ने मत्था टेककर अरदास की। नव वर्ष के अवसर पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके के सभी मंदि.रों में सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ रही। सेक्टर -62 स्थित श्री विनायक मंदिर, सेक्टर -दो के जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-26 में काली बाड़ी मंदिर और सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में लोगों ने पूजा-अर्चना कर सुख शांति की कामना की और जरुरतमंदों की मदद भी की।



छुट्टी का दिन होने की वजह से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ घूमने निकले। सेक्टर-40 स्थित साईं मंदिर के प्रबंधक सुनील भान ने बताया कि मंदिर में सुबह से देर शाम तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूसरी ओर, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-1 स्थित शिव मंदिर, सेक्टर डेल्टा-1 पीपल महादेव मंदिर, सेक्टर डेल्टा-2, गामा-1 और गामा-2 के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सेक्टर अल्फा-1 शांतिपुर बेस और ईटा-1 स्थित इस्कॉन मंदिर में सुबह आरती, भजन-कीर्तन और संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हरे रामा हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे रामा का सामूहिक जाप किया। नॉलेज पार्क-1,2 व 3 के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने संकट मोचन मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। इससे माहौल भक्तिमय हो गया। शहर के अन्य मंदि.रों में भी सुबह से रात तक दर्शन, पूजा और प्रसाद की व्यवस्थाएं की गईं। जैन मंदिर में 1008 कलशों से अभिषेक सेक्टर-27 स्थित जैन मंदिर के विधानाचार्य अभिनंदन जैन ने बताया कि मंदिर में नए साल के अवसर पर सुबह 1008 कलशों से भगवान महावीर स्वामी महामस्तकाभिषेक एवं संगीत महामंडल विधान संपन्न हुआ। दोपहर में भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारों में मत्था टेककर अरदास की सेक्टर-18 स्थित श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में भी श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर अरदास की। साथ ही लोगों ने लंगर का प्रसाद पाकर सेवा भी की। सेक्टर-136 स्थित गुरुद्वारा साहिब में भी सुबह से ही लोगों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई।

# मेडिकल पार्क में गामा रेडिएशन सेंटर विकसित होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-28 स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क (एमडीपी) में गामा रेडिएशन सेंटर और 12 प्रकार की लैब स्थापित होगी। लैब के संचालन, उपकरण के रखरखाव के लिए निजी एजेंसी का चयन होगा। इस तरह लैब का समूह में विकास होगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि आठ जनवरी को मुंबई में गामा रेडिएशन सेंटर को विकसित करने के लिए परमाणु ऊर्जा से जुड़ी संस्था बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटोप टेक्नोलॉजी (ब्रिट) के साथ साझेदारी की जाएगी। ब्रिट संस्था गामा रेडिएशन सेंटर को तकनीकी और सुरक्षा मानकों में विशेषज्ञता देगा। गामा रेडिएशन सेंटर बनाना महंगा होता है। इसकी लागत और मॉडल पर साझेदारी से काम होगा, ताकि यह आर्थिक रूप से टिकाऊ और मजबूत रहे। ब्रिट की साझेदारी से यह सेंटर परमाणु ऊर्जा मानकों के अनुरूप और तकनीकी रूप से मजबूत बनेगा। मेडिकल डिवाइस पार्क में छह कॉमन साइंटिफिक फैसिलिटी सेंटर्स (सीएसएफ) बनाए जा रहे हैं। यह सभी निर्माणाधीन हैं। इनमें से सीएसएफ-1 से पांच का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही प्रशासनिक भवन का काम भी पूरा हो गया है। जबकि, गामा रेडिएशन और बायो मैटेरियल टेस्टिंग फैसिलिटी (सीएसएफ-6) की योजना अभी शुरू हुई है।

**एक कंपनी में उत्पादन शुरू हो चुका:** मेडिकल डिवाइस पार्क में 100 से अधिक भूखंडों का आवंटन हो चुका है। मौके पर करीब सात से अधिक कंपनियों का निर्माण कार्य जारी है। जबकि, एक कंपनी में उत्पादन भी शुरू हो गया है। सीईओ ने इसका 22 सितंबर 2025 को शुभारंभ किया था। यहां करीब 200 से अधिक मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनी आएगी।

# यूपी रेरा ने 417 करोड़ के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश में 416.94 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 7 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान दी। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में कुल 1,024 आवासीय एवं व्यवसायिक यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। ये निर्णय रेरा की 192वीं बैठक में लिया गया।

रेरा ने प्रदेश के जिन पांच शहरों में प्रोजेक्ट की अनुमति दी उनमें नोएडा, लखनऊ, मथुरा, बरेली और मेरठ है। जिसमें नोएडा में 181.36 करोड़ की लागत वाली 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। ये दोनों परियोजनाएं व्यवसायिक श्रेणी की हैं। जिनके अंतर्गत कुल 298 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। इससे नोएडा में बढ़ती व्यवसायिक गतिविधियों और निवेश संभावनाओं को और मजबूती मिलेगी।

मथुरा में 154.92 करोड़ की लागत वाली 2 आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से कुल 565 आवासीय यूनिटों का निर्माण होगा। यह मथुरा क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं के विस्तार और नियोजित विकास में सहायक होंगी। लखनऊ में 27.65 करोड़ की लागत वाली 1 व्यवसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत कुल 30 यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। इससे शहर में संगठित व्यवसायिक ढांचे को बल मिलेगा।

बरेली में 24.56 करोड़ की लागत वाली 1 आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई है, जिसमें कुल 106 यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना शहर में आवासीय विकास को नई गति प्रदान करेगी। मेरठ में 28.45 करोड़ की लागत वाली 1 परियोजना को मंजूरी दी गई है, जो आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों श्रेणियों की है।

## ओटीएस में 300 लोगों ने पंजीकरण कराया

**नोएडा।** विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का दूसरा चरण गुरुवार से लागू हो गया। इसके पहले दिन महज 300 लोगों ने ही पंजीकरण कराया। पहले चरण के दौरान करीब 15 हजार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाया। योजना के तहत 65 हजार उपभोक्ता लाभ उठा सकते हैं। वहीं, बिजली चोरी के प्रकरण में संलिप्त शेष सात हजार उपभोक्ता भी लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, पहले चरण की तुलना में दूसरे चरण में उपभोक्ताओं को पांच प्रतिशत कम सुविधा का लाभ मिलेगा। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (वाणिज्यिक) रितेश आनंद ने बताया कि ओटीएस का दूसरा चरण लागू हो गया है। अब दूसरे चरण को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए बकायेदारों के घर-घर जाकर योजना की जानकारी दी जाएगी।

# नए साल पर नोएडा में पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़

**आरोपी के पैर में लगी गोली, चोरी की योजना बना रहा था, अवैध तमंचा बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नए साल की शुरुआत पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ से हुई। ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुता.बिक, बदमाश घरों की रेकी कर चोरी की योजना बना रहा था।

नववर्ष के अवसर पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान कुलेसरा से





लखनावली की ओर जाने वाले पुस्ता रोड के पास एक बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका और बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया।

**शाहजहांपुर का रहने वाला है घायल बदमाश:** घायल बदमाश की पहचान शाहजहांपुर जिले के रोजा थाना क्षेत्र के जपनापुर गांव निवासी इमरान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, लूटा हुआ मोबाइल फोन, लोहे की छेनीनुमा रॉड और फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

**नए साल पर चोरी की थी योजना:** ईकोटेक-3 थाना प्रभारी ने बताया कि इमरान एक सक्रिय गिरोह का सदस्य है। यह गिरोह पहले घरों की रेकी करता था और फिर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। नए साल पर गिरोह की योजना थी कि लोग जश्न मनाने घरों से बाहर निकलेंगे और खाली घरों को निशाना बनाया जाएगा।

**आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे, साथी फरार:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इमरान पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके गिरोह के अन्य सदस्य फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

